समयबद्ध / शीर्ष प्राथमिकता
संख्या–15 / 20 / 95–का–4–2009

प्रेषक,

कुंवर फतेह बहादुर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव / सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

कार्मिक अनुभाग–4 लखनऊ : दिनांक : 23 नवम्बर, 2009

विषयः–लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश को समय से अधियाचन प्रेषित किया जाना ।

महोदय,

मुख्य सचिव की ओर से निर्गत समसंख्यक शासनादेश दिनांक 5.10.2009 के द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2010 से संबंधित अधियाचन विलम्बतम दिनांक 15.10.2009 तक आयोग को उपलब्ध करा दिया जाय, ताकि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा का विज्ञापन दिनांक 1.1.2010 को प्रकाशित कराया जा सके । आयोग द्वारा अवगत कराया गया है कि अभी तक मात्र उद्यान विभाग द्वारा अधियाचन उपलब्ध कराया गया है, जिससे विज्ञापन प्रकाशित कराये जाने में कठिनाई हो रही है ।

2. उपर्युक्त के संबंध में आपसे निम्नवत् अनुरोध करने का मुझे पुनः निदेश हुआ है:–

(1) समस्त सूचनाओं, सेवा नियमावली की प्रति (हिन्दी / अंग्रेजी) सहित सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2010 में सम्मिलित किये जाने वाले पदों के अधियाचन विलम्बतम दिनांक 20.11.2009 तक लोक सेवा आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें । यदि प्रश्नगत परीक्षा में सम्मिलित करने के लिए कोई रिक्ति उपलब्ध नहीं है, तो भी तदानुसार लोक सेवा आयोग को अवगत कराने का कष्ट करें ।

(2) आयोग द्वारा सम्पादित की जाने वाली अन्य परीक्षाओं के अधियाचन भी यथाशीघ्र आयोग को प्रेषित करने का कष्ट करें ।

(3) सीधी भर्ती / पदोन्नति के अधियाचनों के संबंध में आयोग द्वारा की जाने वाली पृच्छाओं / संवीक्षाओं का उत्तर समयबद्ध रूप से आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

3. कृपया उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

23.11.2009

(कुंवर फतेह बहादुर)
प्रमुख सचिव

संख्या–15 / 20 / 95(1)–का–4–2009, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि, सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को अध्यक्ष, लोक सेवा आयोग के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या–129(1) / ई–1 / 2009–2010, दिनांक 6.11.2009 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित ।

आज्ञा से,

(अश्वनी कुमार सिंह)
विशेष सचिव